॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१५८

श्रीईश्वरकृष्णविरचिता

गौडपादभाष्यसहिता

सांख्यकारिका

'भाष्यभाववर्णिनी' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

व्याख्याकारः

न्यायाचार्य-पोष्टाचार्य-

पं० श्रीज्वालाप्रसाद गौड़

वाराणसीस्थ-श्रीसंन्यासि-संस्कृत-महाविद्यालयप्राध्यापकः



चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

प्रकाशक—

चौखम्बा विद्याभवन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),

पोस्ट बाक्स नं० १०६९

वाराणसी–२२१००१

दूरभाष : ६३०७६

पञ्चम संस्करण १९[illegible]०

मूल्य १५-००

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू ए , जवाहरनगर, बंगलो रोड,

पो० बा० नं० २११३

दिल्ली ११०००७

दूरभाष : २१६१९१

अन्य प्राप्तिस्थान—

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

के० ३७/११७, गोपाल मन्दिर लेन

पोस्ट बाक्स नं० ११२९

वाराणसी–२२१००१

दूरभाष ५७२१४

THE
VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA
158

SĀMKHYAKĀRIKĀ

OF

ĪSWARAKRṢNA

Containing

GAUDAPĀDABHĀSYA

Edited with

'Bhashyabhavavarnini' Sanskrit & Hindi Commentaris


By

Pt. Jwala Prasad Gaud
Ex Professor, Sanyasi Sanskrit Mahavidyalaya, Varanasi



CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI

(Oriental Booksellers & Publishers)
CHOWK (Behind The Benares State Bank Building)
Post Box No 1069
VARANASI 221001
Telephone 63076



1990 Edition

Also can be had of
CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U.A Bungalow Road Jawaharnagar
Post Box No 2113
DELHI 110007
Telephone · 236391

★

Also can be had of
CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
(Oriental Booksellers & Publishers)
K. 37/117 Gopal Mandir Lane
Post Box No 1129
VARANASI 221001
Telephone 57214

भूमिका

प्रारंभ से ही दर्शन दो धाराओं में विभाजित हुए देखने में आ रहे हैं। जिनमें एक भारतीय दर्शन-धारा है और दूसरी पाश्चात्य दर्शन-धारा है। भारतीय दर्शन-धारा भी दो धाराओं में विभाजित है, आस्तिक दर्शनधारा तथा नास्तिक दर्शन-धारा। इनमें छः आस्तिक दर्शन हैं और छः ही नास्तिक दर्शन हैं। "नास्तिको वेदनिन्दकः" अर्थात् वेदोक्तमार्ग का समर्थन करने वाले दर्शन आस्तिक दर्शन कहलाते हैं। और जो दर्शन वेदोक्त परलोक एवं ईश्वर आदि का खण्डन करने वाले हैं, उन्हें नास्तिक दर्शन कहते हैं। कहा भी है—

नास्ति वेदोदितो लोक इति येषां मतिः स्थिरा।
नास्तिकास्ते तथास्तीति मतिर्येषां त आस्तिकाः॥

न्याय-वैशेषिक-वेदान्त-मीमांसा-सांख्य और योग ये छः आस्तिक दर्शन हैं। और जैन-चार्वाक-माध्यमिक-योगाचार-सौत्रान्तिक तथा वैभाषिक ये छः नास्तिक दर्शन हैं। इसके अतिरिक्त माध्व-रामानुज-निम्बार्क-वल्लभ-शैवागम एवं पूर्णप्रज्ञ आदि दर्शनों का इन्हीं दर्शनों में अन्तर्भाव हो जाता है।

दर्शन शब्दार्थ

"दृश्यते=ज्ञायते=विचार्यते अनेन इति दर्शनम्" अर्थात् जिसके द्वारा देखा जाय, जाना जाय अर्थात् सद्-असद् वस्तु का विचार किया जाय उसे दर्शन कहते हैं। किसी वस्तु के तात्त्विक अर्थात् सच्चे स्वरूप को जान लेना ही दर्शन शब्द का अर्थ=प्रयोजन माना गया है। यह दृश्यमान चराचर विश्व सत्य है कि मिथ्या है, जड़ है कि चेतन है, प्रकाश है कि अन्धकार है, सुख-दुःख आदि के द्वन्द्व से रहित है अथवा सहित है, आधि-व्याधि-जरा और मरण की भीषण कथा की व्यथा से समन्वित है अथवा निरन्वित है, इत्यादि विषयों का विचार भी दर्शनशब्दार्थ के अन्तर्गत ही माना गया है। संसार क्या है? इसका वास्तविक स्वरूप क्या है? यह नित्य अथवा अनित्य है? संसार के अन्दर रहकर सुन्दर एवं सुखपूर्वक जीवन बिताने का क्या साधन है? इत्यादि समस्त विषय भी दर्शनशास्त्रगम्य ही हैं।

दर्शन भी एक शास्त्र है। जैसे व्याकरण साहित्य एवं ज्योतिष आदि स्वतन्त्र शास्त्र हैं, उसी प्रकार दर्शन को शास्त्र की संज्ञा प्रदान की गयी है—

शासनात् शंसनात् शास्त्रं शास्त्रमित्यभिधीयते।

यहाँ पर 'शास्' धातु का अर्थ आदेश प्रदान करना, आज्ञा देना आदि माना गया है। और 'शंस' धातु का अर्थ विचार करना, निरूपण करना, प्रतिपादन करना आदि माना गया है। यह 'शासन' शास्त्र भी विधि-निषेधात्मक दो प्रकार का होता है। "स्वर्गकामो यजेत" यह विधिशास्त्र है। और "न कलञ्जं भक्षयेत्" निषेधशास्त्र है। एवं "अग्निषोमीयं पशुमालभेत" यह विधिशास्त्र है, "मा हिंस्यात् सर्वभूतानि" यह निषेधशास्त्र है। दर्शन भी शास्त्र है, इसी दृष्टिकोण के आधार पर कुछ विद्वानों ने व्याकरण एवं साहित्य आदि शास्त्रों को भी 'दर्शन' की संज्ञा प्रदान की है। जैसे—न्यायदर्शन मीमांसादर्शन सांख्यदर्शन आदि दर्शनों को दर्शन संज्ञा प्रदान की गयी है और वह स्वाभाविक है। दर्शन इस चराचर दृश्यमान मिथ्याजगत् के अन्दर सत्य की खोज करना है एवं इस मिथ्या जगत् के आधारभूत उस वास्तविक तत्त्व का पता लगाता है। अनेक में एक का असद् में सत् का अन्वेषण करता है। इस दृश्यादृश्य जगत् के अन्तर्यामी परमतत्त्व ईश्वर का अनुसन्धान करता है।

सांख्यदर्शन

सांख्यदर्शन समस्त भारतीय दर्शनों में एक अत्यन्त ही प्राचीन दर्शन है। इस दर्शन के जन्मदाता महामुनि कपिल हैं। संख्या के प्राधान्य के आधार पर ही इस दर्शन को सांख्यदर्शन की संज्ञा प्रदान की गयी है। संख्या नाम दो का है—

(१) एकत्व द्वित्व-त्रित्व-बहुत्व आदि के व्यवहार के कारणीभूत गुणविशेष को संख्या माना है, यह पक्ष तो सार्वजनीन है अर्थात् सभी लोग एक, दो, तीन, चार एवं बहुत आदि का व्यवहार करते हैं।

"एकत्वादिव्यवहारहेतुः संख्या"

संख्या का दूसरा अर्थ अथवा नाम विवेकज्ञान भी है। यहाँ से दोनों ही अर्थ अथवा नाम संगत हैं। सांख्यदर्शन में ही सर्वप्रथम पञ्चविंशति तत्त्वों का परिगणन किया गया है, वह पदार्थपरिगणन भी मोक्ष का प्रापक है और विवेकज्ञान भेदज्ञान का नाम है, वह प्रकृति और पुरुष का भेदाज्ञाननिबन्धन यह संसार

है। और जिस समय हम प्रकृति और पुरुष के विषय में भेद को जान लेते हैं कि पुरुष प्रकृति से भिन्न है उस समय हमारे लिये संसार का कोई अस्तित्व ही नहीं रह जाता है। यह विवेकज्ञानरूप भेदज्ञान भी इसी की विशेषता है। कहा भी है—

एवं तत्त्वाभ्यासान्नास्मि न मे नाहमित्यपरिशेषम् ।
अविपर्ययाद्विशुद्धं केवलमुत्पद्यते ज्ञानम् ।। ६४ ।।

इस प्रकार सांख्यशास्त्र के अन्दर निर्दिष्ट पञ्चविंशति पदार्थतत्त्वों का तथा उनके अवान्तर भेदों का श्रद्धापूर्वक बराबर अभ्यास करते-करते संशय एवं भ्रम से शून्य होने के नाते विशुद्ध प्रकृति और पुरुष का विवेकज्ञान=भेदज्ञान अर्थात् प्रत्यक्षात्मक कैवल्यज्ञान हो जाता है जिससे जीव सांसारिकबन्धनों से सर्वदा के लिये छुटकारा प्राप्त कर लेता है। इसी प्रकृति और पुरुष के विवेकज्ञान की प्रधानता के कारण इस दर्शन का नाम सांख्यदर्शन पड़ा।

सांख्यतत्त्वमीमांसा

इस सांख्यदर्शन के अन्दर पच्चीस तत्त्वों का अङ्गीकार किया जाता है। और उनकी मीमांसा भी बड़े ही अच्छे ढंग से इस दर्शन के अन्दर की गयी है। इन्हीं पञ्चविंशति पदार्थों के ज्ञान से जीव आध्यात्मिक-आधिभौतिक तथा आधिदैविक इन तीन प्रकार के दुःखों से सर्वथा छुटकारा प्राप्त कर लेता है। सांख्य ने इन तीनों दुःखों के विनाश का कारण इसी विवेकज्ञान को अन्त में स्वीकार किया है। जैसे कि—

दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदपघातके हेतौ ।

इससे तो केवल दुःखत्रय के विनाशकारणीभूत वस्तु में जिज्ञासा का प्रदर्शन बतलाया। वह दुःखत्रय से विनाश का कारण कौन है, इसका स्पष्टीकरण ईश्वरकृष्ण ने आगे की कारिका में किया है—

"तद्विपरीत श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्"

इस प्रकार व्यक्त-अव्यक्त (प्रकृति) और ज्ञ (पुरुष) इनके भेदज्ञान से ही दुःखत्रय से छुटकारा प्राप्त होता है।

इन पच्चीस प्रकार के पदार्थों का अन्तर्भाव ईश्वरकृष्ण ने केवल चार पदार्थों में ही कर दिया है। जैसे कहा भी है—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त ।
षोडशस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः ॥

अर्थात् सांख्यदर्शन के अन्दर तात्त्विकदृष्टि से विचार करने पर संक्षेपत चार प्रकार के पदार्थ ही ठहर पाते हैं—

(१) सर्वप्रथम पदार्थ प्रकृति[1] ही है जो कि इस दृश्यमान जगत् का मूल कारण होने के नाते जनक है परन्तु जन्य नही है, वह नित्य है। सांख्य ने प्रकृति पुरुष और इन दोनो के संयोग को नित्य माना है। इस प्रकार सांख्य दर्शन के अन्दर ये तीन ही नित्य पदार्थ हैं।

(२) दूसरा पदार्थ "विकृति" है। विकृति नाम है कार्य का। विकृति-भूत पदार्थ का लक्षण है—"जन्यत्वे सति तत्त्वान्तरानारम्भकत्वम्" अर्थात् जो पदार्थ किसी से उत्पन्न होने वाला तो अवश्य हो परन्तु किसी भी दूसरे पदार्थ का उत्पादक न हो सकता हो। जैसे—सांख्यमतसिद्ध षोडशपदार्थ। पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच महाभूत, और एक मन।

(३) कोई पदार्थ प्रकृति-विकृति उभयरूप है। इसका लक्षण है—"जन्यत्वे सति जनकत्वम्" अर्थात् जो जन्य भी हो और जनक भी हो। जैसे पाँच तन्मात्राएँ महत्तत्त्व और अहङ्कारतत्त्व। ये किसी के तो जन्य हैं और किसी के जनक भी हैं।

(४) और चतुर्थ पदार्थ सांख्यदर्शन मे विलक्षण ही है। जो न तो किसी से जन्य ही है और न किसी का जनक ही है, जैसे—पुरुष। सांख्य ने पुरुष (जीव) को पुष्करपलास के समान निर्लेप माना है।

सांख्यदर्शन की प्राचीनता

छ प्रकार के पूर्वोक्त आस्तिकदर्शनो मे सांख्यदर्शन बहुत ही प्राचीन दर्शन है। इसी लिये सभी दर्शनो मे इसका गौरव और महत्त्व माना जाता है। इसके मूलभूत सिद्धान्त प्राय उपनिषदो मे पाये जाते हैं। सांख्यदर्शन ने कार्य और कारण को त्रिगुणात्मक स्वीकार किया है। सांख्यशास्त्रवेत्ता विद्वानो का कहना है कि हम संसार को अथवा संसार के समस्त पदार्थों को सुख-दुःख मोहरूप अर्थात् त्रिगुणात्मक पाते हैं इसलिये उसका कारण भी त्रिगुणात्मक ही होना चाहिये। इसीलिये उन्होंने प्रकृति को ही जगत् का कारण माना है, कारण कि वह सत्त्वगुण रजोगुण तमोगुण त्रिगुणात्मक है, पुरुष वैसा न होने से कारण

---

१ प्रकृति का लक्षण है अजन्यत्वे सति जनकत्वम् अर्थात् जो किसी का कार्य तो न हो परन्तु कारण अवश्य हो।

नहीं हो सका। छान्दोग्योपनिषद् में इन तीनों गुणों का वर्णन बहुत ही अच्छे ढंग से किया है। इसके अतिरिक्त गीता में भी इसका महत्त्व वर्णित है। बौद्धदर्शन के महाविद्वान् अश्वघोष ने स्व-रचित 'बुद्धिचरित' महाकाव्य में भगवान् बुद्ध के गुरु को सांख्यशास्त्र का ज्ञाता बतलाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने निष्पक्षभाव की दृष्टि से यह भी बतलाया कि सांख्यशास्त्र के प्रणेता कपिल गौतम बुद्ध से भी प्राचीन थे। महाभारत के शान्तिपर्व में भी सांख्यदर्शन के सिद्धान्तों का बहुत कुछ उल्लेख पाया जाता है। मनुस्मृति के प्रथम अध्याय में सृष्टि का निरूपण ठीक सांख्यदर्शन की प्रक्रिया से सम्मत है। इसी प्रकार श्वेताश्वतरोपनिषद् में भी सांख्यदर्शन के मूलभूतसिद्धान्त उपलब्ध हैं। श्रीमद्भागवत में भी जिस स्थल में महामुनि कपिल तथा देवहूति का संवाद आता है उस स्थल में सांख्य के पदार्थों का विवेचन बड़े विस्तार के साथ किया गया है।

सांख्यदर्शन की प्राचीनता के विषय में अधिक क्या कहा जाय, पाश्चात्य दार्शनिक विद्वान् श्री याकोबी ने भी स्पष्ट कहा है कि सांख्यदर्शन की प्राचीनता अक्षुण्ण एवं निर्विवाद है। सांख्यदर्शन सब दर्शनों में प्राचीन है इसमें किसी को भी मतभेद खड़ा ही नहीं करना चाहिए, और न किसी भी प्रकार का संशय विपर्यय अथवा विपरीतोद्भाव ही करना चाहिये।

देखने से भी इसकी प्राचीनता स्पष्ट है कि उपनिषदों में, पुराणों में, स्मृतिग्रन्थों में, धर्मग्रन्थों में एवं बौद्धग्रन्थों में सर्वत्र ही सांख्यदर्शन की चर्चा एवं पदार्थों का उल्लेख पाया जाता है। बौद्धआगमों में भी सांख्यदर्शन के कार्यकारणभाव सत्कार्यवाद आदि बहुत से सिद्धान्तों के निराकरण करने की चेष्टा की गयी। अन्त में, उनका यह प्रयास सर्वथा असफल ही रहा। प्राचीन वस्तु का ही उत्तरकालीन ग्रन्थों में, शास्त्रों में एवं आख्यायिकाओं में उल्लेख पाया जाता है। इससे इसकी प्राचीनता एवं महत्त्व तथा गौरव स्पष्ट है।

सत्कार्यवाद

कार्यकारणभाव एक सर्वसाधारण विषय है। कार्य को देखकर प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में इस प्रकार की विचारधारा उत्पन्न होती है कि इसका कोई कारण अवश्य ही होगा।

"अस्य अवश्यं किमपि कारणमस्ति इत्येतादृशानुभूतिबलाद् सामान्यतः कारणस्य प्रतीतिर्भवति इदमेव अस्य कारणमिति रीत्या विशेषतः कारणं न प्रतीयते।"

इस कार्यकारणभाव के विषय मे वादी लोगो की बहुत सी विप्रतिपत्तियाँ हैं। जैसे बौद्धविद्वानो का कहना है कि असत् कारण से सत्कार्य उत्पन्न होता है। अर्थात् खेत मे जब बीज डाला, उसके बाद जब तक उस बीज का ध्वस नही हो जायगा तब तक उससे अकुरोत्पत्ति नही होती है, अत बीज का ध्वस= अभाव ही अकुरोत्पत्ति मे कारण है, स्वय बीज नही। इसलिए विनष्ट बीज अर्थात् असद् बीज ही अकुरोत्पत्ति करने मे समर्थ हो सकता है। इससे स्पष्ट है, असत् कारण से सत्कार्य की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार वेदान्ती लोगों ने एक सद्ब्रह्म का विव इस विश्व को माना है। जगत् का कारणीभूत ब्रह्म सत् है और उसका काय यह चराचर विश्व असत् है। इस प्रकार इनके मतानुसार सत् स असत् की उत्पत्ति होती है।

नैयायिक तथा वैशेषिकों का कहना है कि सत् कारण से ही असत् कार्य की उत्पत्ति होती है। इनके यहाँ परमाणुओं को ही जगत् का कारण माना है। वे नित्य होने के कारण सत् हैं। और उनसे उत्पन्न होने वाले पृथिवी, जल आदि प्रलय मे नष्ट हो जाने के नाते असत् हैं। इसलिये इनके यहाँ सत् से असत् की उत्पत्ति होती है यह कहिये, अथवा नित्य से अनित्य की उत्पत्ति होती है, यह भी विनिगमनाविरहप्रयुक्त कह सकते हैं। साख्यो का कहना है कि कारण भी सत् है, और कार्य भी सत् है। सांख्यमत मे भावात्मक नित्य प्रकृति ही जगत् का कारण मानी गयी है। और कार्य अनागत अवस्था से ही कारण के अन्दर पहिले से ही विद्यमान है। कारणसामग्री किसी भी कार्य की उत्पत्ति नहीं करती है बल्कि वह सामग्री कार्य की अभिव्यक्ति करती है। उत्पत्ति से पहिले भी कार्य अपने कारण के अन्दर अव्यक्तरूप से विद्यमान है। इसलिए कार्य और कारण मे वास्तव मे अभेद है। कार्य की अव्यक्तावस्था का नाम कारण है। तथा कारण की व्यक्तावस्था का नाम कार्य है। अवस्थामात्र का भेद है, कार्य और कारण मे भेद नही है। अत इससे स्पष्ट सिद्ध है कि जब कारण नित्य होने के नाते सत् है तो उससे अभिन्न काय को असत् कैसे कहा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त साख्यशास्त्रियो ने कार्य को सत् सिद्ध करने के लिए पाँच हेतुओ वाले अनुमान का भी प्रदशन किया है। अर्थात् कारण के व्यापार से पहिले भी कार्य सत् है। इसी अनुमान को साख्यकारिका के रूप मे दिखलाया है—

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत् कार्यम्॥

अर्थात्—

(१) कार्यं सद् असदकरणात् ।
(२) कार्यं सत् उपादानग्रहणात् ।
(३) कार्यं सद् सर्वसम्भवाभावात् ।
(४) कार्यं सत् शक्तस्य शक्यकरणात् ।
(५) कार्यं सत् कारणभावात् (कारणात्मकत्वात्) ।

इनका विशेष विवेचन वाचस्पति की कौमुदी टीका में देखा जाय ।

सांख्यदर्शन की उपयोगिता

सांख्यदर्शन के विषय में कुछ विद्वानों का ऐसा कहना है कि सांख्यदर्शन के साथ जब कि योगदर्शन की पूर्णरूप से एकवाक्यता है अर्थात् सांख्यदर्शन में उल्लिखित सभी पदार्थ योगदर्शन में ज्यों के त्यों स्वीकृत है तब फिर क्या आवश्यकता है सांख्यदर्शन की ? क्यों कि सांख्यदर्शन तो योगदर्शन से ही गतार्थ हो जाता है ।

इसके कई उत्तर दिये गये हैं जिनमें एक उत्तर यह भी है कि एकवाक्यता पदार्थों अथवा विषय की कुछ ही अंश में है, न कि सर्वांश में । इस प्रकार की एकवाक्यता तो कुछ अंश को लेकर सर्वत्र ही हो सकती है, तो इसका यह मतलब नहीं है कि वह सर्वथा इतर से गतार्थ ही हो जायगा । और गतार्थ हो हो जाने से इतर को वैयर्थ्य की आपत्ति दे दी जाय, इत्यादि ।

सांख्य में पञ्चविंशतिपदार्थों के ज्ञान को ही एकमात्र मुक्ति-साधन बतलाया है और योगदर्शन में योगक्रियाजन्यज्ञान मोक्ष का साधन है ।

इस प्रकार सांख्यदर्शन के अन्दर ज्ञान की प्रधानता है और योगदर्शन के अन्दर क्रिया की प्रधानता है, इस प्रकार साधनों में भेद स्पष्ट है । दूसरी बात यह कि सांख्यदर्शन के अन्दर आत्मतत्त्व का विवेचन अवश्य है परन्तु वह आत्म-तत्त्व जीव है न कि ईश्वर । ईश्वर का तो सांख्य में उल्लेख ही नहीं मिलता है । इसी लिये यह दर्शन निरीश्वरवादी दर्शन कहलाता है । ईश्वर को लेकर योग-दर्शन में पदार्थों की गणना छब्बीस हो जाती है और सांख्यदर्शन में वही पच्चीस की पच्चीस ही है । इसके अतिरिक्त दोनों दर्शनों में विषय का भी वैषम्य है । योगदर्शन में सर्वप्रथम चित्त की वृत्ति के निरोध को योग बतलाते हुए उन्होंने

वृत्तिनिरोध के साधनों का आमूल उल्लेख किया है जो कि सांख्यदर्शन मे सर्वथा अनुपलब्ध है ।

कुछ दार्शनिकों ने सांख्यदर्शन के विषय में अवैदिकत्व की आशंका की कि इसमें ईश्वर का निरूपण नहीं है इसलिये यह दर्शन भी निरीश्वरवादी दर्शन होने के नाते चार्वाक आदि दर्शनों के समान नास्तिक दर्शन है, अत उन दर्शनों के समान यह भी अवैदिक दर्शन है, इत्यादि रूप से बहुत से आक्षेप विक्षेप इसके ऊपर किये गये ।

परन्तु इस प्रकार के आक्षेप सर्वथा निर्मूल होने के नाते सर्वथा भ्रान्तिपूर्ण हैं । क्योंकि हमारे यहाँ नास्तिक की परिभाषा "नास्तिको वेदनिन्दक" इस रूप से वेद की निन्दा करने वाले को लक्ष्य बनाकर ही की गयी है । यह दर्शन न तो स्वय वेदनिन्दक है और न इसका अध्ययन करने वाले ही वेदनिन्दक हैं । तब फिर इसे नास्तिकदर्शन कहना दूसरे लोगों की आँखो मे धूल झोंकना है । इस प्रकार धूल झोंककर उन्हें भ्रमान्धकार मे डालना है ।

दूसरी बात यह भी है कि इस सांख्यदर्शन के आदि जन्मदाता महामुनि कपिल ने स्वय वेदो के प्रामाण्य का अङ्गीकार किया है । सांख्यसूत्र के प्रथम अध्याय तथा तृतीय अध्याय मे स्पष्टरूप से ईश्वर की सत्ता का उल्लेख मिलता है । सांख्यकारिका अथवा सांख्यतत्त्वकौमुदी आदि ग्रन्थों मे ईश्वर का उल्लेख नहीं है तो निषेध भी नहीं है । इस प्रकार हो सकता है कि विषयान्तर विषयक अपेक्षाबुद्धि होन के कारण ईश्वर की तरफ से उपेक्षाबुद्धि हो गयी हो, विषयान्तर विषयक अपेक्षाबुद्धि ईश्वरविषयक अपेक्षाबुद्धि की प्रतिबन्धक बन गयी हो, इत्यादि बहुत से कारण हो सकते हैं ।

"ईश्वरासिद्धे" इस सांख्यसूत्र के आधार पर जो ईश्वर के अभाव का अथवा ईश्वर के अस्तित्वाभाव का निश्चय कर बैठते हैं, वे भी सर्वथा भ्रान्त हैं । कारण कि सूत्र मे तो ईश्वर की असिद्धि=अनिश्चय का प्रदर्शन किया है न कि उसके अभाव का । असिद्धि तो कारणान्तरप्रयुक्त भी हो सकती है ।

एक बार मैं अँधेरी कोठरी मे सो रहा था, कई लोग मुझे देखने और पूछने को आये । सबको मना कर दिया कि नहीं हैं । मुझे उस अँधेरी कोठरी मे भी देखा परन्तु अन्धकार होने के कारण मैं न दीख सका । मेरी चाक्षुषप्रत्यक्षात्मिका सिद्धि उन्हें न हो पायी । इसका एकमात्र कारण आलोकसंयोग का न होना ही हो सकता है । क्योंकि चाक्षुषप्रत्यक्ष के प्रति महत्त्वावच्छिन्न उद्भूतरूपा-

वच्छिन्न-आलोकसंयोगावच्छिन्न चक्षुःसंयोग को सिद्धान्ततः कारण माना गया है। प्रकृत में आलोकसंयोगावच्छिन्नत्वरूपविशेषण से विशिष्ट चक्षु अथवा चक्षुः-संयोग नहीं है इसलिये दोष नहीं है। जिस प्रकार यहाँ आलोकसंयोगरूप कारण मेरी असिद्धि का हेतु हो रहा है, परन्तु वह मेरे अभाव का अथवा मेरे अस्तित्व के अभाव का कारण नहीं है, उसी प्रकार 'ईश्वरासिद्धेः' इस सूत्र में भी समझना चाहिये।

दर्शनों में वैषम्य क्यों ?

हमारी मूलभूत संस्कृति के आधार वेद है। वेदों के अन्दर आध्यात्मिक विज्ञान का तथा उससे सम्बन्धित विषयों का प्रतिपादन बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया है। साधारणरूप से वेदों मे आत्मज्ञान-ईश्वरज्ञान-तत्त्वज्ञान-ब्रह्मज्ञान एवं अहिंसा-सत्य-तप-ब्रह्मचर्य-भक्तिधर्म-योग एवं यज्ञ आदि विषयों का वर्णन बड़े ही सुचारु ढंग से किया गया है। उसमें भी सभी विषय तो सबको अभिप्रेत नहीं होते है, किन्तु उनसे जो विषय जिसको मुख्यरूप से अभिप्रेत होता है वह व्यक्ति उसी विषय को लक्ष्य कर प्रवृत्तिशील बनता है। और उसी की प्राप्ति तथा उसी की सिद्धि के लिये सर्वथा अपने अन्तःकरण का, बुद्धि का तथा शरीर एवं बाह्य इन्द्रियों का प्रयोग भी करता है। महामुनि कपिल को तत्त्वज्ञान अपेक्षित था, पतञ्जलि को योग, कणाद और गौतम को पदार्थतत्त्व, जैमिनि को याग आदि सत्कार्यकलाप, मनु को धर्म, महर्षि देवव्यास जी को ब्रह्मज्ञान, नारद जी को भक्ति और मनु को धर्म इत्यादि विषय प्रिय एवं अभिप्रेत थे। वे उन्हीं अपने-अपने विषयों में प्रवृत्तिशील भी रहते थे। कारण कि ये सभी विषय मोक्ष के प्रति साक्षात् परम्परया कारण माने गये है। हमारे प्राचीन आचार्यों ने इन्हीं विषयों के आधार पर विभिन्न दर्शनों का निर्माण किया है।

कणाद गौतम को पदार्थवाद ही प्रिय और अभिप्रेत था इसलिये उन्होंने पदार्थशास्त्र न्याय तथा वैशेषिक का प्रणयन किया। महर्षि व्यास जी को आत्म-ज्ञान (ब्रह्मज्ञान) प्रिय था। उन्होंने तदनुकूल ही वेदान्तदर्शन का प्रणयन कर दिया। जैमिनि को यागादिसत्-कर्मकलाप अपेक्षित था इसलिये उन्होंने मीमांसा-दर्शन की रचना की। भगवान् मनु को धर्म प्रिय था इसलिये उन्होने तदनुकूल मनुस्मृति की रचना कर दी। भगवान् पतञ्जलि को योग प्रिय था इसलिये उन्होंने योगदर्शन का ही स्वतन्त्ररूप से निर्माण कर डाला। इसी प्रकार हमारे

महामुनि श्री कपिल जी को पञ्चविंशति तत्वज्ञान अपेक्षित था, तदनुकूल उन्होंने सांख्यदर्शन का निर्माण कर दिया। इस प्रकार अपना-अपना लक्ष्य पूरा करने के लिये इन भिन्न भिन्न ऋषि महर्षियों ने यथा शक्ति भिन्न-भिन्न शास्त्रों का, दर्शनों एवं ग्रन्थों का प्रणयन कर डाला। यही दर्शनों के वैषम्य का प्रधान कारण है। और दर्शनों का यह परस्पर का वैषम्य ही उनकी विभिन्नता का कारण है। इसी लिये कहा भी है—

श्रुतयोऽपि भिन्ना स्मृतयोऽपि भिन्ना नैको मुनिर्यस्य वचः प्रमाणम् ॥

अन्त में कहा है कि—"महाजनो येन गतः स पन्था।"

अपने-अपने द्वारा रचित शास्त्र के प्रामाण्य को स्वीकार करके इन लोगों ने आगे कदम बढाया। और इनके द्वारा रचित इन शास्त्रों का प्रामाण्य समस्त आस्तिक जनताजनार्दन ने स्वीकार किया। भगवान् कृष्ण ने भी उस प्रामाण्य को स्वीकार करते हुये स्वयं कहा है—

"तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ"

इस प्रकार भिन्न-भिन्न शास्त्रों में भिन्न भिन्न विषयों के विवेचन के कारण विषयों के वैषम्य प्रयुक्त दर्शनों में विभिन्नता एवं विषमता पायी जाती है। विषयों की परस्पर में विभिन्नता एवं विषमता ही दर्शनों के भेद और वैषम्य का कारण है।

—ज्वालाप्रसाद गौड

गौडपादभाष्यसहिता

सांख्यकारिका

'भाष्यभाववर्णिनी' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासा तदभिघातके हेतौ ।
दृष्टे सापार्था चेन्नैकान्तात्यन्ततोऽभावात् ॥ १ ॥

गौडपादभाष्यम्

कपिलाय नमस्तस्मै, येनाविद्योदधौ जगति मग्ने ।
कारुण्यात् सांख्यमयी, नौरिव विहिता प्रतरणाय[1] ॥ १ ॥
अल्पग्रन्थं स्पष्टं प्रमाणसिद्धान्तहेतुभिर्युक्तम्[2] ।
शास्त्रं शिष्यहिताय समासतोऽहं प्रवक्ष्यामि ॥ २ ॥

दुःखत्रयेति । अस्या आर्याया उपोद्घातः क्रियते[3] । इह भगवान् ब्रह्मसुतः कपिलो नाम, तद् यथा—

सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः ।
आसुरिः कपिलश्चैव वोढुः पञ्चशिखस्तथा ।
इत्येते ब्रह्मणः पुत्राः सप्त प्रोक्ता महर्षयः ॥

---

१. सत्त्वरजस्तमोभिस्त्रिगुणैः प्रतायमानेऽमुष्मिन्मायाप्रपञ्चे निमज्जतां प्राणिनामुद्धरणार्थं 'संख्यां प्रकुर्वते चैवं प्रकृतिं च प्रचक्षते । चतुर्विंशतितत्त्वानि तेन सांख्याः प्रकीर्तिताः ॥' इत्याद्युक्तदिशाऽन्वर्थसंज्ञा सांख्यदर्शनात्मिका नौरिव येन महर्षिणा विनिर्मिता तस्मै नम इति भावः ।

२. दृष्टादीनि प्रमाणानि सत्कार्यवादादिरूपाः सांख्यसिद्धान्ताः अव्यक्तादिप्रमेयसाधकहेतवश्च तैर्युक्तमित्यर्थः ।

३. प्रासङ्गिकं पीठमारभ्यत इत्यर्थः ।

कपिलस्य सहोत्पन्नानि 'धर्मो ज्ञान वैराग्यमैश्वर्यं च' इति एव स 'उत्पन्न' सन् अन्धे तमसि मज्जज्जगदालोक्य ससारपारम्पर्येण सत्कारुण्यो जिज्ञासमानाय आसुरिगोत्राय ब्राह्मणाय इद पञ्चविंशतितत्त्वाना ज्ञानम्, उक्तवान्, यस्य ज्ञानाद् दुःखक्षयो भवति—

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे वसन् ।
जटी मुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र सशय ।

तदिदमाह—दुःखत्रयाभिघाताज्जिज्ञासेति । तत्र दुःखत्रयम् आध्यात्मिकम् आधिभौतिकम् आधिदैविक चेति । तत्राध्यात्मिक द्विविध—शारीर मानस चेति । शारीर वातपित्तश्लेष्मविपर्ययकृत ज्वरातीसारादि । मानस प्रियवियोगाप्रियसयोगादि । आधिभौतिक चतुर्विधभूतग्रामनिमित्त[1] मनुष्यपशुमृगपक्षिसरीसृपदशमशकयूकामत्कुणमत्स्यमकरग्राहस्थावरेभ्यो जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जेभ्य सकाशादुपजायते । आधिदैविक—देवानामिद दैवम्, दिव प्रभवतीति वा दैव, तदधिकृत्य[2] यदुपजायते शीतोष्णवातवर्षाशनिपातादिकम् ।

एव यथा दुःखत्रयाभिघाता[3]ज्जिज्ञासा कार्या । क्व ? तदभिघातके हेतौ । तस्य दुःखत्रयस्य अभिघातको योऽसौ हेतुस्तत्रेति । 'दृष्टे साऽपार्था चेत्' दृष्टे हेतौ दुःखत्रयाभिघातके सा जिज्ञासाऽपार्था चेद् यदि, तत्राध्यात्मिकस्य द्विविधस्यापि आयुर्वेदशास्त्रक्रियया प्रियसमागमाप्रियपरिहारकटुतिक्तकषायक्वाथादिभिर्दृष्ट एव आध्यात्मिकोपाय, आधिभौतिकस्य[4] रक्षादिनाऽभिघात दृष्ट, दृष्टे साऽपार्था चेदेव मन्यसे, न, ऐकान्तात्यन्ततोऽभावात् । यत एकान्ततोऽवश्यमत्यन्ततो नित्य दृष्टेन हेतुनाऽभिघातो न [illegible] तस्मादन्यत्र[5] एकान्तात्यन्ताभिघातके हेतौ जिज्ञासा विविदिषा कार्येति ॥ १

१ अनुपदवक्ष्यमाणजरायुजादि-चतुर्विधभूतसमुदायोत्थम् ।

२ तन्निमित्तीकृत्येत्यर्थ ।

३ इत्युक्तदुःखत्रयाभिसम्बन्धादित्यर्थ ।

४ निरत्ययस्थानवासनीतिशास्त्रानुसरणादिरूपरक्षादिनेत्यर्थ । मुपलक्षणम्—आधिदैविकस्यापि दुःखस्य मणिमन्त्रौषधादिनाऽभिघातो द्रष्टव्य पूर्वपक्षमुपसहरति—दृष्ट इति ।

५ पूर्वोक्तदृष्टोपायाद्भिन्ने साख्यशास्त्रजन्यतत्त्वज्ञानरूप इत्यर्थ ।

● भाष्यभावर्णिनी ●

यदज्ञानप्रभावेण भासते सकलं जगत् ।
यज्ज्ञानाच्छेय आप्नोति तस्मै ज्ञानात्मने नमः ।।

अन्वयः—दुःखत्रयाभिघातात् तदपघातके, हेतौ, जिज्ञासा (भवति) दृष्टे सा, अपार्था, चेत्, न एकान्तात्यन्ततोऽभावात् ।

व्याख्या—दुःखानां 'त्रयं' दुःखत्रयम्, 'तच्च' आध्यात्मिकम्-आधिभौतिकम् आधिदैविकञ्च, तेषाम् (आत्मनि) अभिघातात् = सम्बन्धात् । तदपघातके = तस्य दुःखत्रयस्य, अपघातके, विनाशके । हेतौ = कारणे । जिज्ञासा = दुःखत्रयस्य 'विनाशकारणं किमिति' ज्ञातुमिच्छा (भवतीति शेषः) । दृष्टे = दृष्टोपाये अर्थात् 'औषधसेवनात्मके, कामिन्या उपभोगात्मके' च 'दृष्टकारणे' सति । सा= जिज्ञासा । अपार्था=निरस्ता (भवेत्) । चेत् । न । एकान्तात्यन्ततोऽभावात्= एकान्तम्–दुःखनिवृत्तेरवश्यंभावः, अत्यन्तम्–निवृत्तस्य 'दुःखस्य' पुनरनुत्पत्तिः,तयो अभावात् । अर्थात् ऐकान्तिक-आत्यन्तिकरूपेण दुःखनिवृत्तेरभावादित्यर्थः अर्थात् 'दृष्टोपायेन' ऐकान्तिक (आवश्यक) रूपेण तथा 'आत्यन्तिकरूपेण' दुःख-निवृत्तिर्न भवतीति भावः ॥ १ ॥

हिन्दी—संसार के अन्दर आकर प्राणिमात्र जब कि आध्यात्मिक, आधि-भौतिक तथा आधिदैविक इन तीन प्रकार के दुःखों का अनुभव करता है तब उस समय उन तीनों प्रकार के दुःखों के विनाश के कारण में जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि उनकी निवृत्ति का कारण कौन है ? और यदि वह जिज्ञासा दुःख की निवृत्ति (विनाश) के कारणीभूत औषध सेवन अथवा कामिनी (सुन्दर स्त्री) के उपभोग रूप दृष्ट उपाय से ही शान्त हो जाती है तो शास्त्र के आधार पर होने वाले दुरधिगम तत्वज्ञान की क्या आवश्यकता है ?

इसका उत्तर दिया कि पूर्वोक्त तीनों प्रकार के दुःखों की निवृत्ति दृष्ट उपाय से ऐकान्तिक (आवश्यक) रूप से तथा आत्यन्तिक (फिर कभी भी दुःख उत्पन्न न हो) रूप से नहीं होती है । अतः उनकी निवृत्ति के लिये शास्त्र में होनेवाला तत्त्वज्ञान ही श्रेयस्कर है ॥ १ ॥

दृष्ट उपाय से दुःखनिवृत्ति न हो किन्तु ज्योतिष्टोमादियागात्मक वैदिक उपाय से ही दुःखत्रय की निवृत्ति ऐकान्तिक तथा आत्यन्तिक रूप से हो जायगी श्रुति भी कहती है कि—'स्वर्गकामो यजेत' अर्थात् याग से स्वर्ग होता है और

स्वर्ग उस सुख विशेष का नाम है जो कि न तो दुःख मिश्रित हो और होने के पश्चात् जो दुःख ग्रस्त न हो तथा जिसके होने के अनन्तर इच्छानुसार वस्तु की प्राप्ति होती रहे। अत दुःख की निवृत्ति के लिये शास्त्रजन्य ज्ञान की क्या आवश्यकता है ? इस शका को दूर करने के लिये कहते हैं--

दृष्टवदानुश्रविक स ह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः ।
तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात् ॥ २ ॥

गौ०--'यदि'[1] दृष्टादन्यत्र जिज्ञासा कार्या, ततोऽपि नैव, यत आनुश्रविको हेतु दुःखत्रयाभिघातक अनुश्रूयत इत्यनुश्रवस्तत्र भव, आनुश्रविक, स च आगमात् सिद्ध ।

यथा--अपाम सोमममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान् ।
किं वा नूनमस्मान् तृणवदराति किमु धूर्तिरमृतमर्त्यस्य ॥

[2]कदाचिदिन्द्रादीना देवाना कल्प आसीत्--कथ वयममृता अभूमेति विचार्य, यस्माद्वयमपाम सोम पीतवन्त सोम तस्मादमृता अभूम अमरा भूतवन्त इत्यर्थ । किं च, अगन्म ज्योति--गतवन्त लब्धवन्त ज्योति स्वर्गमिति । अविदाम देवान्--दिव्यान् विदितवन्त । एव च किं नूनमस्मान् तृणवदराति, नून निश्चित किमराति शत्रुरस्मान् तृणवत् करोति । किमु धूर्तिरमृतमर्त्यस्य धूर्तिर्जरा हिंसा वा किं करिष्यति अमृतमर्त्यस्य[3] । अन्यच्च वेदे श्रूयते आत्यन्तिक फल पशुवधेन--'सर्वाल्लोकान् जयति मृत्युं तरति पाप्मान तरति ब्रह्महत्या तरति योऽश्वमेधेन यजते' इति । एकान्तात्यन्तिके एव वेदोक्ते[4] 'अपार्थैव जिज्ञासा' इति, न । उच्यते दृष्टवदानुश्रविक इति । दृष्टेन तुल्यो दृष्टवत्, योऽसौ आनुश्रविक कस्मात् स दृष्टवत् ? यस्मादविशुद्धिक्षयातिशययुक्त अविशुद्धियुक्त पशुघातात् ।

---

१ शङ्कते--यदीति । नैवेति । दृष्टोपायातिरिक्ते साख्यशास्त्रजन्यतत्त्वज्ञानविषये जिज्ञासा नैव कार्या--इति शेष । तत्र हेतुमाह--यत इति ।

२ सेतिहासमन्त्रार्थमाह--कदाचिदिति । कल्प --न्याय ।

३ दिव्यशरीरस्य मे इत्यर्थ । आनुश्रविककर्मकलापस्यात्यन्तिकदु खनिवृत्तौ प्रमाणान्तरमाहात्म्यञ्चेति । पशुवधेन--तन्निमित्तेन यागादिकर्मणेत्यर्थ ।

४ आत्यन्तिकैकान्तिकदु खपरिहारके वैदिके कर्मणि सुकरे उपाये विद्यमाने सति दुष्करे शास्त्रोक्ततत्त्वज्ञानरूपे जिज्ञासा व्यर्थैवेत्यर्थ ।

तथा चोक्तम्—षट् शतानि नियुज्यन्ते पशूनां मध्यमेऽहनि ।
अश्वमेधस्य वचनान्न्यूनानि पशुभिस्त्रिभिः ॥ इति ।

इत्थं यद्यपि श्रुतिस्मृतिविहितो धर्मस्तथापि[1] मिश्रीभावादविशुद्धियुक्त इति।

तथा— बहूनीन्द्रसहस्राणि देवानां च युगे युगे ।
कालेन समतीतानि कालो हि दुरतिक्रमः ॥ इति ॥

एवमिन्द्रादिनाशात् क्षययुक्तः । तथाऽतिशयो विशेषस्तेन युक्तः । विशेषगुणदर्शनादितरस्य[2] दुःखं स्यादिति । एवमानुश्रविकोऽपि हेतुर्दृष्टवत् । 'कस्तर्हि श्रेयानि'ति ? उच्यते—तद्विपरीतः श्रेयान् ताभ्यां दृष्टानुश्रविकाभ्यां विपरीतः श्रेयान् प्रशस्यतर इति, अविशुद्धिक्षयातिशयायुक्तत्वात् । कथमित्याह—व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात् । तत्र व्यक्तं महदादि-बुद्धिरहङ्कारः पञ्चतन्मात्राणि एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानि, अव्यक्तं प्रधानम्, ज्ञः पुरुषः, एवमेतानि पञ्चविंशतितत्त्वानि व्यक्ताव्यक्तज्ञाः कथ्यन्ते, एतद्विज्ञानात् श्रेय इति । उक्तं च 'पञ्चविंशतितत्त्वज्ञ' इत्यादि ॥ २ ॥

अन्वयः—आनुश्रविकः, (अपि) दृष्टवत्, (अस्ति) हि, सः अविशुद्धि-क्षय-अतिशययुक्तः, (अस्ति) (अतः) तद्विपरीतः, (उपायः) श्रेयान् (वर्त्तते) (स च उपायः) व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्, (भवति)।

व्याख्या—आनुश्रविकः=गुरुपाठात् अनुश्रूयते इति अनुश्रवो वेदः=तत्र भव आनुश्रविकः ज्योतिष्टोमादियागादिरूपो वैदिकः कर्मकलाप इत्यर्थः । दृष्टवत्= पूर्वोक्तदृष्टोपायतुल्य एवास्तीति भावः । हि=यतः । सः=आनुश्रविक उपायः । अविशुद्धिक्षयातिशययुक्त=अविशुद्धिदोषयुक्तः यथा मनुष्यः कस्यचिद् प्राणिनो हिंसां विधाय अविशुद्धिदोषयुक्तो भवति तथा यज्ञेऽपि पशुहिंसा कृत्वापि तादृशदोषवान् भवतीति भावः ।

क्षयदोषयुक्तश्च—स्वर्गादिरूपफलस्य भोगेन नाश्यत्वात्, पुनः पतनसंभवात्, यथा 'क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति' इति श्रूयते ।

---

१. पशुवधजन्यपापफलदुःखयुक्तत्वात् स्वर्गादिरूपयागफलजनको धर्मो न इत्यर्थः । वैधहिंसाभिन्नहिंसैव पापजनिकेत्यत्र भिन्नान्तत्वनिवेशे प्रमाणाभावात् ।

२. हीनगुणसम्पदः ।

अति॰ ेपयुक्तोऽपि यथा विज्ञकर्मकाण्डिन दृष्ट्वा मूर्खकर्मकाण्डी दुःखी भवति, धनिन दृष्ट्वा दरिद्रो दुःखी भवति, एव सुन्दर पुरुष दृष्ट्वा कुरूपो दुःखी भवति, तथा स्वर्गेऽपि इन्द्रासनासीन जीव दृष्ट्वा अपरे दुःखिनो भवन्ति। अत अनुश्रविकेणापि यागादिकर्मकलापेन नैकान्तिकी-नात्यन्तिकी च दुःखनिवृत्ति-र्भवितुमर्हति इति भाव ।

(अत) तद्विपरीत=तस्मात्-आनुश्रविकोपायात्, विपरीत । (उपाय) अर्थात् 'साङ्ख्यशास्त्रजन्यतत्त्वज्ञानरूप' उपाय । श्रेयान्=प्रशस्त (स 'च' तत्त्व-ज्ञानरूपोपाय) व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्=व्यक्तश्च अव्यक्तश्च ज्ञश्च-तेषा, विज्ञानात् अर्थात्-पञ्चविंशतितत्त्वाना साङ्ख्यशास्त्रजन्ययथार्थज्ञानात् । (भवति) ॥ २ ॥

हिन्दी–अनुश्रव (वेद) में विहित यागादिरूप आनुश्रविक उपाय भी पूर्वोक्त दृष्ट उपाय के समान ही हैं, क्योंकि वह भी अविशुद्धिदोष क्षयदोष तथा अति-शय दोष—इन तीन प्रकार के दोषों से युक्त ही है। इसलिये उस आनुश्रविक उपाय से विपरीत ही उपाय दुःखत्रय की निवृत्ति के लिये श्रेयस्कर होगा—जो कि व्यक्त-अव्यक्त (प्रकृति) तथा ज्ञ (पुरुष) इनके अवान्तर भेद सहित पच्चीस तत्त्वों के यथार्थ ज्ञान से होता है और वह ज्ञान साङ्ख्यशास्त्र के अध्ययन से होता है। इसी उद्देश्य से ईश्वरकृष्ण ने पञ्चशिखाचार्य से इस साङ्ख्यशास्त्र सम्बन्धी पञ्चविंशति तत्त्वज्ञान को लेकर कारिका के द्वारा अभिव्यक्त किया ॥२॥

अब ईश्वरकृष्ण साङ्ख्य-सम्बन्धी पच्चीस प्रकार के तत्त्वों के स्वरूप को पदार्थ-चतुष्टय के रूप में बतलाते हैं—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त ।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः ॥ ३ ॥

गौ०—'अथ व्यक्ताव्यक्तज्ञाना को विशेष इति' [1]उच्यते-मूलप्रकृति प्रधानम् प्रकृतिविकृतिसप्तकस्य मूलभूतत्वात्, मूल च सा प्रकृतिश्च मूलप्रकृति, अविकृति अन्यस्मान्नोत्पद्यते, तेन प्रकृति [2]कस्यचिद्विकारो न भवति। मह-

१ पूर्वोक्तपञ्चविंशतितत्त्वाना सक्षिप्तचतुर्विधसाङ्ख्याभिमतपदार्थेषु अन्त-र्भावस्वरूपविशेष उच्यत इत्यर्थः ।

२ प्रकर्षेण कार्यकरणात्प्रकृतिरिति वाचस्पतिमाठरौ ।

दाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त । महान् बुद्धिः, बुद्धयाद्याः सप्त–बुद्धिः १ अहङ्कारः १ पञ्चतन्मात्राणि ५ एताः सप्त प्रकृतिविकृतयः । तद् तथा–प्रधानाद् बुद्धिरुत्पद्यते तेन विकृतिः प्रधानस्य विकार इति, सैवाहङ्कारमुत्पादयति अतः प्रकृतिः । अहङ्कारोऽपि बुद्धेरुत्पद्यत इति विकृतिः स च पञ्चतन्मात्राण्युत्पादयतीति प्रकृतिः । तत्र शब्दतन्मात्रमहङ्कारादुत्पद्यत इति विकृतिस्तस्मादाकाशमुत्पद्यत इति प्रकृतिः । तथा स्पर्शतन्मात्रमहङ्कारादुत्पद्यत इति विकृतिस्तदेव[1] वायुमुत्पादयतीति प्रकृतिः । गन्धतन्मात्रमहङ्कारादुत्पद्यत इति विकृतिस्तदेव पृथिवीमुत्पादयतीति प्रकृतिः । रूपतन्मात्रमहङ्कारादुत्पद्यत इति विकृतिस्तदेव तेज उत्पादयतीति प्रकृतिः । रसतन्मात्रमहङ्कारादुत्पद्यत इति विकृतिस्तदेवाप उत्पादयतीति प्रकृतिः । एवं महादाद्याः सप्त प्रकृतयो विकृतयश्च । षोडशकस्तु विकारः; पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि पञ्च कर्मेन्द्रियाणि एकादशं मनः पञ्च महाभूतानि एष षोडशको गणो विकृतिरेव विकारो विकृतिः । न प्रकृतिर्न विकृति पुरुषः[2] ॥ ३ ॥

अन्वयः–मूलप्रकृतिः, अविकृतिः, महदाद्याः, सप्त, प्रकृतिविकृतयः (भवन्ति) षोडशकः (गणः), विकारः, तु, पुरुषः न प्रकृतिः, न विकृतिः, (अस्ति) ।

व्याख्या–मूलप्रकृतिः = प्रकरोति-संसारं रचयति, इति प्रकृतिः, मूलञ्चासौ प्रकृतिः मूलप्रकृतिः, संसारस्य मूलकारणं प्रधानमित्यर्थः । अविकृतिः = न विकृतिरिति अविकृतिः, विकारशून्या इत्यर्थः । महदाद्याः = महत् आद्यं येषां ते महदाद्याः-महत्तत्त्वम्, अहङ्कारतत्त्वम्, शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धतन्मात्राणि इत्यर्थः । सप्त = सप्तसंख्याकाः । प्रकृतिविकृतयः = प्रकृतयश्च विकृतयश्चेति प्रकृतिविकृतय कारण-कार्योभयरूपाः, अर्थात् कस्यचित् कारणानि कस्यचिच्च कार्याणि इत्यर्थः । भवन्तीति शेषः । षोडशकः = ज्ञानेन्द्रियपञ्चकम्-कर्मेन्द्रियपञ्चकम्-तन्मात्रपंचकम्-मनश्चेति षोडशसंख्याकः । (गणः) विकारः = कार्यमेव । पुरुषः = जीवपदाभिधेयः सांख्यपुरुषः । न प्रकृतिः = न कारणम् । न विकृतिः = न कार्यम् (अस्ति) ॥३॥

हिन्दी–संसार की रचना करनेवाली मूलभूत प्रकृति किसी की भी कार्य (विकृति) नहीं है अपितु वह समस्त चराचर विश्व की कारण (अविकृति)

१. पूर्वोक्तशब्दतन्मात्ररीत्या, एवमग्रेऽपि ।

२. एवं च प्रकृतिविकृतिरूपे जगति कश्चित्प्रकृतिरूप एव, कश्चिद्विकृतिरूप एव कश्चिदुभयरूपः, कश्चिदनुभयरूप एव पदार्थ इति भावः ।

ही है और महत् आदि संस्कृत टीकोक्त सात पदार्थ किसी के कारण (प्रकृति), किसी के कार्य (विकृति), दोनों माने गये हैं तथा संस्कृति टीकोक्त १६ पदार्थ कार्य ही होते है और पुरुष न किसी का कारण है और न किसी का कार्य है वह एकमात्र पुष्कर (कमल) पलाश (पत्र) के समान निर्लेप है।

अभिप्राय यह है कि सांख्य में सामान्यतः चार पदार्थ माने गये हैं —१-कारण २-कार्य, ३-कार्यकारणोभयरूप, ४-कार्यकारणानुभयात्मक। जिनमें कारण-भूतपदार्थ केवल प्रकृति है और कार्यभूतपदार्थ १६ हैं, चक्षु आदि ५-ज्ञानेन्द्रियाँ वाणी आदि, ५-कर्मेन्द्रियाँ, शब्द आदि ५—तन्मात्राएँ और मन। और महत् अहंकार, ५-तन्मात्राएँ ये ७ पदार्थ कारण कार्य उभयरूप है और पुरुष न किसी का कारण है न किसी का कार्य है अतः वह अनुभयात्मक है। इस प्रकार इन चार प्रकार के पदार्थों के ही २५ भेद हो जाते है॥ ३॥

इन पूर्वोक्त पदार्थों के साधक प्रमाण कितने हैं तथा कौन-कौन है ? शंका का उत्तर देते हैं।

दृष्टमनुमानमाप्तवचनं च सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्।
त्रिविधं प्रमाणमिष्टं प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि॥४॥

गौ०- [1]एवमेषा व्यक्ताव्यक्तज्ञानां त्रयाणां पदार्थानां कैः कियद्भिः प्रमाणै: केन कस्य वा प्रमाणेन सिद्धिर्भवति, इह लोके प्रमेयवस्तु प्रमाणेन साध्यते, यथा प्रस्थादिभिर्व्रीह्यवस्तुलया चन्दनादि, तस्मात् प्रमाणमभिधेयम्[2]। दृष्टमिति दृष्टं तथा श्रोत्रं त्वक् चक्षुर्जिह्वा घ्राणमिति पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, शब्दस्पर्शरूपरसगन्धा एषां पञ्चानां पञ्चैव विषया यथासङ्ख्यम्, शब्दं श्रोत्रं गृह्णाति त्वक् स्पर्शं, चक्षू रूपं, जिह्वा रसं, घ्राणं गन्धमिति, एतद् दृष्टमित्युच्यते प्रमाणम्[3]। प्रत्यक्षेणानुमानेन वा योऽर्थो न गृह्यते स आप्तवचनाद् ग्राह्यः[4] यथा 'इन्द्रो

१ प्रमेयोद्देशानन्तरम्। प्रमाणनिरूपणे सङ्गतिमाह-एवमिति।

२ तद्दर्शयति-विभागलक्षणाभ्यां दृष्टमितीति शेषः।

३ प्रत्यक्षपूर्वकमनुमानं प्रसिद्धत्वादुपमानत्वाच्चात्रोद्देशप्रकरणे नोक्तम्।

४ आप्ता रागद्वेषरहिता सनत्कुमारादयः, श्रुतिर्वेदस्ताभ्यामुपदिष्टं तथेति श्रद्धेयमाप्तवचनमिति माठरः।

देवराजः, उत्तराः कुरवः, स्वर्गेप्सरसः' इत्यादि। प्रत्यक्षानुमानाग्राह्यमप्याप्तवचनाद् गृह्यते। अपि चोक्तम्[1]—

आगमो ह्याप्तवचनमाप्तं[2] दोषक्षयाद्विदुः।
क्षीणदोषोऽनृतं वाक्यं न ब्रूयाद्धेत्वसम्भवात् ॥
स्वकर्मण्यभियुक्तो यः ,सङ्गद्वेषविवर्जितः।
पूजितस्तद्विधैर्नित्यमाप्तो ज्ञेयः स तादृशः॥ इति।

[3]एतेषु प्रमाणेषु सर्वप्रमाणानि सिद्धानि भवन्ति। षट् प्रमाणानि जैमिनिः। अथ कानि तानि प्रमाणानि? 'अर्थापत्तिः सम्भव. अभावः प्रतिभा ऐतिह्यम् उपमानं च' इति षट् प्रमाणानि। तत्रार्थापत्तिर्द्विविधा—दृष्टा श्रुता च। तत्र दृष्टा—एकस्मिन् पक्षे आत्मभावो गृहीतश्चेदन्यस्मिन्नप्यात्मभावो गृह्यत एव। श्रुता यथा–दिवा देवदत्तो न भुङ्क्ते, अथ च पीनो दृश्यते, अतोऽवगम्यते रात्रौ भुङ्क्त इति। सम्भवो यथा–प्रस्थ इत्युक्ते चत्वारः कुडवाः सम्भाव्यन्ते। अभावो नाम प्रागितरेतरात्यन्तसर्वाभावलक्षणः। प्रागभावो यथा–देवदत्तः कौमारयौवनादिषु:[4]। इतरेतराभावः–पटे घटाभावः। अत्यन्ताभावः खरविषाणवन्ध्यासुतखपुष्पवदिति। सर्वाभावः–प्रध्वंसाभावो दग्धपटवदिति। यथा शुष्कधान्यदर्शनाद् वृष्टेरभावोऽवगम्यते।[5] एवमभावोऽनेकधा। प्रतिभा यथा—'दक्षिणेन च विन्ध्यस्य सह्यस्य च यदुत्तरम्। पृथिव्यामासमुद्रायां स प्रदेशो मनोरमः॥' एवमुक्ते तस्मिन् प्रदेशे शोभनाः गुणाः सन्तीति प्रतिभोत्पद्यते, प्रतिभा च जानतां ज्ञानमिति[6]। ऐतिह्यं यथा–ब्रवीति लोको यथाऽत्रवटे यक्षिणी प्रतिवसतीत्येव

---

१. अत एवोक्तमित्यर्थः।

२. आप्तवचनं लक्षयित्वा तद्घटितमाप्तत्वं निर्वक्ति—आप्तमिति।

३. सर्वप्रमाणसिद्धत्वादिति कारिकांशं व्याचष्टे-एतेष्विति। सिद्धानि-अन्त-र्भूतानि।

४. कुमारदेवदत्ते युवा भविष्यतीति यौवनप्रागभाव इत्यर्थः।

५. यथा—प्रतियोगितावच्छेदकारोप्यसंसर्गभेदादेकप्रतियोगिकयोरत्यन्तान्योन्याभावयोर्बहुत्वम्। एवं विशिष्टाभावद्वित्वावच्छिन्नाभावसामान्याभावभेदेनाप्यभावस्यानेकविधत्वं विभावनीयम्।

६. इन्द्रियलिङ्गाद्यभावे यदर्थभानं सा प्रतिभा सैव च प्राति भमार्षापरपर्यायं ज्ञानमिति प्रशस्तपादाचार्याः।

ऐतिह्यम् । उपमानं यथा—गौरिव गवयः, समुद्र इव तडागः । एतानि षट् प्रमाणानि त्रिषु दृष्टादिष्वन्तर्भूतानि । तत्रानुमाने तावदर्थापत्तिरन्तर्भूता[1] सम्भवाभावप्रतिभैतिह्योपमानाश्चाप्तवचने । तस्मात् त्रिष्वेव सर्वप्रमाणसिद्धत्वात् त्रिविधं प्रमाणमिष्टं, तदाह—तेन त्रिविधेन प्रमाणेन प्रमाणसिद्धिर्भवतीति[2] वाक्यशेषः । प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि । प्रमेयं प्रधानं बुद्धिरहङ्कारः पञ्चतन्मात्राणि एकादशेन्द्रियाणि पञ्चमहाभूतानि पुरुष इति, एतानि पञ्चविंशतितत्त्वानि व्यक्ताव्यक्तज्ञा इत्युच्यन्ते, तत्र किञ्चित् प्रत्यक्षेण साध्यं किञ्चिदनुमानेन किञ्चिदागमेनेति त्रिविधं प्रमाणमुक्तम् ॥ ४ ॥

अन्वय—दृष्टम्, अनुमानम् च, आप्तवचनम्, त्रिविधम् प्रमाणम्, इष्टम् सर्वप्रमाणसिद्धत्वात्, हि, प्रमेयसिद्धिः, प्रमाणात्, (भवति) ।

व्याख्या—दृष्टम्=प्रत्यक्षम् । अनुमानम् । च । आप्तवचनम्=शब्दः । त्रिविधम् । प्रमाणम् । इष्टम्=अभिमतम् । सांख्यानामिति शेषः । ननु त्रिविधप्रमाणातिरिक्तप्रमाणानां सत्त्वात्कथं त्रीण्येव प्रमाणानि उक्तानि इति चेन्न । सर्वप्रमाणसिद्धत्वात् । हि=यतः । प्रमेयसिद्धिः=प्रमेयपदार्थानां घटपटादीनां, सिद्धिः=निश्चयः । प्रमाणात् । भवतीति शेषः ॥ ४ ॥

हिन्दी—प्रत्यक्ष (दृष्ट), अनुमान, आप्तवचन (शब्द)—ये तीन प्रकार के प्रमाण सांख्यों ने माने हैं । अन्य लोगों से स्वीकृत और सब प्रमाण इन्हीं तीन प्रमाणों में सिद्ध (अन्तर्भूत) हैं । प्रमाणों को स्वीकार करने की आवश्यकता इसलिये होती है कि घट-पट आदि प्रमेय पदार्थों की सिद्धि प्रमाण के आधार पर ही होती है ॥ ४ ॥

पूर्वोक्त प्रमाणों के लक्षण बतलाते हैं—

प्रतिविषयाध्यवसायो दृष्टं त्रिविधमनुमानमाख्यातम् ।
तल्लिङ्गलिङ्गिपूर्वकमाप्तश्रुतिराप्तवचनं तु ॥५॥

---

१ जीवतश्चैत्रस्य गृहाभावदर्शनेन बहिः सत्त्वकल्पनमर्थापत्तिरभिमता मीमांसकानाम्, किन्तु देवदत्तो बहिःसत्तावान् जीवित्वे सति गृहेऽसत्त्वादहमिवेति व्यतिरेक्यनुमान एव तस्या अन्तर्भाव इत्यर्थः । सम्भवेति । अत्र सम्भवाभावयोरनुमानप्रत्यक्षान्तर्भावस्य सकलदार्शनिकमतसम्मतत्वादाप्तवचनेऽन्तर्भावश्चिन्त्यः ।

२ दृष्टादित्रिविधप्रमाणेऽर्थापत्त्यादिप्रमाणान्तर्भावो भवतीत्यर्थः ।

गौ०—तस्य किं लक्षणमेतदाह—प्रतिविषयेषु श्रोत्रादीनां शब्दादिविषयेषु अध्यवसायो दृष्टं, प्रत्यक्षमित्यर्थः। त्रिविधमनुमानमाख्यातं–पूर्ववत् शेषवत् सामान्यतोदृष्टञ्चेति। पूर्वमस्यास्तीति पूर्ववद्, यथा मेघोन्नत्या वृष्टिं साधयति पूर्वदृष्टत्वात्। शेषवत् यथा–समुद्रादेकं जलपलं[1] लवणमासाद्य शेषस्याप्यस्ति लवणभाव इति। सामान्यतोदृष्टम्–देशान्तराद्देशान्तरं प्राप्तं दृष्टम् गतिमच्चन्द्रतारकं चैत्रवत्, यथा चैत्रनामानं देशान्तराद्देशान्तरं प्राप्तमवलोक्य गतिमानयमिति तद्वच्चन्द्रतारकमिति, तथा पुष्पिताम्रदर्शनादन्यत्र पुष्पिता आम्रा इति सामान्यतोदृष्टेन साधयति[2] एतत्सामान्यतो दृष्टम्। किञ्च तल्लिङ्गलिङ्गिपूर्वकमिति, तदनुमानं लिङ्गपूर्वकं, यत्र लिङ्गेन लिङ्गी अनुमीयते, यथा दण्डेन यतिः। लिङ्गिपूर्वकं च, यत्र लिङ्गिना लिङ्गमनुमीयते, यथा—दृष्ट्वा यतिमस्येदं त्रिदण्डमिति[3] आप्तश्रुतिराप्तवचनं च। आप्ता आचार्या ब्रह्मादयः, श्रुतिर्वेदः, आप्ताश्च श्रुतिश्च आप्तश्रुतिः[4] तदुक्तमाप्तवचनमिति एवं त्रिविधं प्रमाणमुक्तम् ॥ ५ ॥

अन्वयः—प्रतिविषयाध्यवसायः, दृष्टम्, अनुमानम्, त्रिविधम्, आख्यातम्, तत्, लिङ्गलिङ्गिपूर्वकम्, आप्तश्रुति, आप्तवचनम् तु ॥ ५ ॥

व्याख्या–प्रतिविषयाध्यवसायः='विषयं-विषयं' प्रति 'वर्तते' 'इति' प्रतिविषयम् =अर्थसन्निकृष्टमिन्द्रियम्, अध्यवसायः =ज्ञानम्, इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्य ज्ञानम् इत्यर्थः। दृष्टम् =प्रत्यक्षप्रमाणम्। अनुमानम् =अनुमानं प्रमाणम्। त्रिविधम् =पूर्ववत्-शेषवत्-सामान्यतोदृष्टञ्च। आख्यातम् =कथितम्। तत्= पूर्वोक्तम् अनुमानम् लिङ्गलिङ्गिपूर्वकम् =लिङ्गम् व्याप्यम्, लिङ्गि व्यापकम्।

---

१. पलपरिमाणं जलमित्यर्थः। लवणं-क्षारम्।

२. अत्र अयं देशो भविष्यद्वृष्टिमान् मेघोन्नतिमत्वात् तद्देशवत्, समुद्रजलं क्षारमुदधिजलत्वादुद्धृततज्जलवत्, चन्द्रतारकं गतिमत् देशान्तरप्राप्तिमत्वाच्चैत्रवदिति क्रमेण त्रिविधस्यानुमानस्य प्रयोगा द्रष्टव्याः।

३. लिङ्गं व्याप्यं, लिङ्गि व्यापकं, लिङ्गलिङ्गिपदेन प्रत्ययोपलक्षणम्, लिङ्गिग्रहणावृत्या च लिङ्गमस्यास्तीति पक्षधर्मताज्ञानं दर्शितम्, तेन व्याप्यव्यापकभाव-पक्षधर्मताज्ञानपूर्वकमनुमानमित्यनुमानसामान्यलक्षणमिति मिश्राः।

४. द्वन्द्वसमासेन वेदवाक्यानामार्षाणां वाक्यानां च स्वतः प्रमाणत्वमुद्घोषितं तन्मूलत्वाच्चेतरेषां प्रमाणत्वमिति।

तत्पूर्वकम् अर्थात् व्याप्यव्यापकभावपूर्वकम्, लिङ्गिपदञ्च आवर्तनीय तेन आवृत्तद्वितीयलिङ्गपदेन लिङ्गमस्यास्तीति व्युत्पत्त्या पक्षधर्मताज्ञानमपि 'लभ्य' भवति—तथा च व्याप्यव्यापकभावपूर्वकत्वे, सति पक्षधर्मताज्ञानपूर्वकत्वम्, अनुमानसामान्यलक्षणम्। आप्तश्रुति=आप्तानाम्=वेदप्रामाण्याभ्युपगन्तृणाम्, श्रुति =श्रवणेन्द्रियजन्य-शब्दज्ञानम् तथा च 'आप्तपुरुषोच्चरितवाक्यजन्य वाक्यार्थज्ञानत्वम्। आप्तवचनम्=अर्थात् शब्दप्रमाणसामान्यलक्षणम्।

हिन्दी—साख्यवालो न प्रतिविषय अर्थात अथसन्निकृष्ट इन्द्रिय से होने वाले अध्यवसाय (वृत्तिरूप ज्ञान) को ही प्रत्यक्ष प्रमाण माना है। उनका अभिप्राय यह है कि घट-पट आदि विषयो के साथ इन्द्रियो का सम्बन्ध होने पर बुद्धि के तमोगुणरूप आवरण का भग होता है और फिर सत्त्वगुण स्वरूप प्रकाश का आविर्भाव होता है और उसके पश्चात् घटाकारवृत्तिरूप अध्यवसाय (निश्चयात्मकवृत्ति) का उदय होता है, वही निश्चयात्मिका अन्तःकरण (बुद्धि) की वृत्ति 'अय घट" इस प्रमाज्ञानस्वरूप पौरुषेय बोध का कारण होने से प्रमाण बनती है।

साख्यमत मे अनुमान के स्वरूप का "लिङ्गलिङ्गपूर्वकम्" कहकर शाब्दिक भेद अवश्य कर दिया है परन्तु आर्थिक स्वरूप अनुमान का वही है जो कि नैयायिको ने माना है कि व्याप्तिविशिष्टपक्षधर्मताज्ञान' । और इसी अर्थ में वाचस्पति मिश्र ने 'लिङ्गलिङ्गिपूर्वक' का पर्यवसान भी किया है।

और वह अनुमान-(१) पूर्ववत् (२) शेषवत् (३) सामान्यतोदृष्ट- इस रूप से तीन प्रकार का है। कारण के द्वारा होनेवाले कार्यानुमान को पूर्ववत् अनुमान कहा है। जैसे बादलो से आच्छादित आकाश को देख कर तथा बिजली की कडकडाहट को सुनकर भाविकालीन वृष्टिरूप कार्य का अनुमान होता है।

शेषवत्—शेषवत् अनुमान उसे कहते हैं जहाँ कार्य से कारण का अनुमान होता है। क्योकि अन्तिमकार्य को 'शेष' शब्द से कहा है और उस कार्यरूप लिंग से होनेवाले अनुमान को शेषवत् अनुमान कहा है। इसका सुगम उदाहरण है 'वह्निमान् धूमात्'।

सामान्यतोदृष्ट—सामान्यतोदृष्ट वह अनुमान है जो कार्य और कारण इन

दोनों लिंगों से शून्य हो अर्थात् जहाँ हेतु में साध्य की व्याप्ति सामान्य रूप से दृष्ट हो चुकी हो। जैसे चक्षुः प्रमाणं प्रमाजनकत्वात् श्रोत्रवत्।

आप्तवचनम्—यहाँ पर आप्तवचन यह लक्ष्य है और आप्त श्रुति यह लक्षण है। अर्थात् आप्तपुरुष के द्वारा उच्चरित यथार्थवाक्य से उत्पन्न वाक्यार्थज्ञान को ही शब्दप्रमाण कहा है। अतः वेदश्रुति-स्मृति-इतिहास-पुराण-धर्मशास्त्र एवं सामान्यशास्त्र आदि के वाक्यों से उत्पन्न हुए ज्ञानों का भी शब्दप्रमाण में ही अन्तर्भाव हो जाता है, बौद्धदर्शन प्रभृति वाक्यों के प्रामाण्य का निरास इसलिए हो गया कि वे अनाप्तोच्चरित हैं।

प्रश्न—पहिले जो तीन प्रकार के प्रमाण बतलाये वे उनमें से प्रत्यक्ष-प्रमाण का देखना-सुनना आदि फल स्पष्ट ही है अतः इतर दो प्रमाणों का अर्थात् अनुमान और शब्दप्रमाण का फल दिखलाते हैं—'सामान्यतस्तु' इत्यादि ग्रन्थ से—

सामान्यतस्तु दृष्टादतीन्द्रियाणां प्रतीतिरनुमानात्।
तस्मादपि चासिद्धं परोक्षमाप्तागमात् सिद्धम्॥६॥

गौ०—'तत्र केन प्रमाणेन किं साध्यम्' उच्यते—सामान्यतो दृष्टादनुमानादतीन्द्रियाणामिन्द्रियाण्यतीत्य वर्तमानानां सिद्धिः। प्रधानपुरुषावतीन्द्रियौ सामान्यतोदृष्टेनानुमानेन साध्येते,—यस्मान्महदादिलिङ्गं त्रिगुणम्, यस्येदं त्रिगुणं कार्यं तत् प्रधानमिति, यतश्चेतनं चेतनमिवाभाति अतोऽन्योऽधिष्ठाता पुरुष इति। व्यक्तं प्रत्यक्षसाध्यम्, तस्मादपि चासिद्धं परोक्षमाप्तागमात् सिद्धम्—'यथेन्द्रो देवराजः, उत्तराः कुरवः, स्वर्गेऽप्सरस' इति परोक्षमाप्तवचनात् सिद्धम्॥ ६॥

अन्वयः—सामान्यतस्तु दृष्टात्, अतीन्द्रियाणाम् अनुमानात्, प्रतीतिः, (भवति) तस्मादपि, च, असिद्धं, परोक्षम्, आप्तागमात्, सिद्धम्॥ ६॥

व्याख्या—सामान्यतोदृष्टात्। अनुमानात्। तु=एव। अतीन्द्रियाणाम्= इन्द्रियाग्राह्यपदार्थानाम् (प्रधान-पुरुषादीनाम्)। प्रतीतिः=ज्ञानम्। (भवति) च। तस्मादपि=सामान्यतोदृष्टानुमानादपि। असिद्धम्=अज्ञातम्। परोक्षम्= अप्रत्यक्षम् (वस्तु)। आप्तागमात्=शब्दप्रमाणात्। सिद्धम्=ज्ञातम्। भवतीति शेषः।

हिन्दी—सामान्यतोदृष्ट अनुमान से ही प्रकृति-पुरुष आदि अतीन्द्रियपदार्थों

की प्रतीति होती है और सामान्यतोदृष्ट अनुमान से भी जिन स्वर्ग-नरक आदि अतीन्द्रियपदार्थों का ज्ञान नही हो पाता है उनका ज्ञान शब्दप्रमाण के आधार पर होता है।

प्रश्न—जिस प्रकार आकाशपुष्प-कछुए के रोम-खरगोश के सींग आदि पदार्थों का प्रत्यक्षप्रमाण एव सामान्यतोदृष्ट अनुमान से भी ज्ञान ही न होकर उल्टा उनके अभाव का ज्ञान होता है उसी प्रकार प्रकृति और पुरुष का भी अस्तित्वाभाव ही क्यों न स्वीकार कर लिया जाय ? तब फिर कैसे सामान्यतो दृष्ट अनुमान से प्रकृति-पुरुष की सिद्धि साख्य कर सकेगा ?

अतिदूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानाच्च ।
सौक्ष्म्याद् व्यवधानादभिभवात् समानाभिहारात् ॥ ७ ॥

गौ०—अत्र कश्चिदाह 'प्रधान पुरुषो वा नोपलभ्यते, यच्च नोपलभ्यते लोके तन्नास्ति तस्मात् तावपि न स्त' यथा द्वितीय शिरस्तृतीयो बाहुरिति[१]। तदुच्यते-अत्र सतामप्यर्थानामष्टधोपलब्धिर्न भवति। तद् यथा—इह सतामप्यर्थानामतिदूरादनुपलब्धिर्दृष्टा, यथा—देशान्तरस्थाना चैत्रमैत्रविष्णुमित्राणाम्। सामीप्याद् यथा—चक्षुषोऽञ्जनानुपलब्धि। इन्द्रियाभिघाताद्-यथा—बधिरान्धयो शब्दरूपानुपलब्धि मनोऽनवस्थानाद् यथा-व्यग्रचित्त सम्यक्कथितमपि नावधारयति। सौक्ष्म्याद् यथा—धूमोष्मजलनीहारपरमाणवो गगनगता नोपलभ्यन्ते। व्यवधानाद् यथा—कुड्ये पिहित वस्तु नोपलभ्यते[२]। अभिभवाद् यथा-सूर्यतेजसाऽभिभूता ग्रहनक्षत्रतारकादय नोपलभ्यन्ते। समानाभिहाराद् यथा—मुद्गराशौ मुद्ग क्षिप्त कुवलयामलकमध्ये कुवलयामलके क्षिप्ते, कपोतमध्ये कपोतो नोपलभ्यते समानद्रव्यमध्याहृतत्वात्। एवमष्टधानुपलब्धि सतामर्थानामिह दृष्टा ॥ ७ ॥

अन्वय—अतिदूरात्, अतिसामीप्यात्, इन्द्रियघातात्, मनोऽनवस्थानात्, सौक्ष्म्यात् व्यवधानात् अभिभवात्, समानाभिहारात् च, (अनुपलब्धिर्भवतीति शेष)।

व्याख्या—अतिदूरात् = अतिदूरत्वदोषात्। (अनुपलब्धि = अप्रत्यक्ष, भवति) (एवम्) अतिसामीप्यात्। इन्द्रियघातात् = इन्द्रियस्य नष्टत्वात्। मनोन-

१. तन्नोच्यत इत्यर्थ। अत्र—जगति।
२. बलवत्सजातीयग्रहणकृतमग्रहणमभिभव।

वस्थानात्=मनसोऽसावधानात्, (विषयान्तरे संलग्नात् इत्यर्थः)। सौक्ष्म्यात् = सूक्ष्मत्वाद् व्यवधानात् = व्यवहितत्वात्। अभिभवात् = अभिभूतत्वात्। समानाभिहाराद् = स्वसजातीयवस्त्वन्तरसम्मिश्रणात्। (अनुपलब्धिः = उपलब्ध्यभावः, अप्रत्यक्षमिति यावत्। भवति)

हिन्दी—१—कुछ पदार्थों का अधिक दूर होने से प्रत्यक्ष नहीं होता है। जैसे—आकाश में अधिक दूर पर उड़ता हुआ पक्षी अत्यन्त दूर होने के नाते दिखाई नहीं देता है।

२—कोई वस्तु अत्यन्त समीप होने के नाते भी नहीं दीख पड़ती है—जैसे नेत्रों में लगा हुआ अंजन अत्यन्त समीप होने के नाते स्वयं (अपने) को नहीं दिखाई देता है।

३—इन्द्रियों के घात (खराबी) से भी प्रत्यक्ष नहीं हो पाता है, जैसे—अन्धव्यक्ति को कोई भी वस्तु नहीं दीखती है। एवं बधिर को कुछ भी सुनाता ही नहीं है।

